**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

# राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

## पात्र व्यक्ति तक आवश्यक रूप से पहुंचे विकास योजनाओं का लाभ - राज्यपाल

जयपुर / बूंदी, 24 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक आवास नहीं मिलने वाले पात्र परिवारों की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र लोगों को आवास मिले।

राज्यपाल श्री बागडे ने बूंदी जिले में सिंचित क्षेत्र की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि हर खेत तक पानी पहूंचे यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें तथा इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। उन्होंने जल जीवन मिशन में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने तथा पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करने पर जोर दिया।

उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारी से डांग एरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कृषि विभाग की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को कहा कि किसानों को मिट्टी परीक्षण करवाकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें।

राज्यपाल ने पीएम श्री विद्यालयों की संख्या की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि इनमें अधिक से अधिक नामांकन हो। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को लेकर संबधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री बागडे ने जिले में आंगनबाडी केन्द्रो की संख्या की जानकारी लेकर उनमें बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा बालिकाओं की उपस्थिति एवं पोषण को लेकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में डेयरी उत्पाद के विकास की संभावनाओ पर कार्य करने पर बल दिया।

------


सत्यमेव जयते
जिला बून्दी
महामहिम राज्यपाल महोदय
DFO

